*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय परिसंवाद 19 को

संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र, वर्धा तथा नया मीडिया मंच, दिल्ली का आयोजन

वर्धा दि. 17 नवंबर 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र और नया मीडिया मंच दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार दि. 19 नवंबर को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय परिसंवाद आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। हबीब तनवीर सभागार में दोपहर 2 बजे आयोजित कार्यक्रम के वैचारिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात सांस्कृतिक चिंतक एवं विचारक माधव गोविंद वैद्य तथा वक्ता के रूप में दैनिक भास्कर, नागपुर के संपादक मणिकांत सोनी और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के सहायक प्राध्यापक डॉ. सौरभ मालवीय उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर लोकतंत्र और सोशल मीडिया पर छात्र संवाद आयोजित है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मीडिया वेशेषज्ञ संजय द्विवेदी, वक्ता के रूप में प्रख्यात लेखक राजीव रंजन प्रसाद उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. अनिल कुमार राय करेंगे। सत्र में पंकज झा, रायपुर, प्रवीण शुक्ला एवं आशीष अंशु, नई दिल्ली अपने विचार रखेंगे। सत्र का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अलका सिंह, नई दिल्ली करेंगी। परिसंवाद में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील प्रो. अनिल कुमार राय तथा नया मीडिया मंच के शिवानंद द्विवेदी 'सहर' ने की है।